संख्या- 76 /2017/2337/24-1-17-54पी/02टीसी-1

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 21 सितम्बर, 2017**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2017-18 में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को क्षतिपूर्ति अनुदान के मद में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-967/मु0म0प्र0(वित्त)/विप्र-2/299/आय-व्ययक/2017-18, दिनांक 19.09.2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के बजट में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को क्षतिपूर्ति अनुदान के मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 3760,00,00,000/- (रूपये तीन हजार सात सौ साठ करोड़ मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 2252,00,00,000/- (रूपये बाईस सौ बावन करोड़ मात्र) को शासनादेश संख्या- 66/2017/2145/24-1-17-54पी/02 टी0सी0-।, दिनांक 28 अगस्त, 2017 द्वारा माह सितम्बर, 2017 से माह फरवरी, 2018 तक धनराशि रूपये 322,00,00,000/- (रूपये तीन सौ बाईस करोड़ मात्र) की छः समान किश्तों में तथा अन्तिम किश्त के रूप में माह मार्च, 2018 में धनराशि रूपये 320,00,00,000/- (रूपये तीन सौ बीस करोड़ मात्र) स्वीकृत कर आहरित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी थी।

2- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि में से मार्च, 2018 में आहरित की जाने वाली धनराशि रूपये 320,00,00,000/- (रूपये तीन सौ बीस करोड़ मात्र) को अब माह सितम्बर, 2017 में आहरित किये जाने की अनुमति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

3- उपरोक्त शासनादेश दिनांक 28 अगस्त, 2017 की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 76 /2017/2337(1)/24-1-17, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।

2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।

3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।

4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।

5- वित्त (वयय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in